दिनांकः 28.01.2026 समय : 09:00 ए.एम.

प्रादेशिक समाचार
आकाशवाणी जयपुर–अजमेर

- संसद का बजट सत्र आज से–आर्थिक सर्वेक्षण कल जारी होगा।
- राज्यपाल हरिभाऊ बागड़े के अभिभाषण के साथ राज्य विधानसभा के बजट सत्र की आज से शुरूआत।
- प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के एनसीसी पीएम रैली में संबोधन के साथ गणतंत्र दिवस शिविर का आज समापन होगा।
- केन्द्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान आज एक दिन के दौरे पर बीकानेर आएंगे।

..........................

संसद का बजट सत्र आज से शुरू हो रहा है। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू के संबोधन से संसद के दोनों सदनों में सत्र का शुभारंभ होगा। आर्थिक सर्वेक्षण कल जारी होगा। केन्द्रीय बजट एक फरवरी को पेश होगा। बजट सत्र का पहला चरण 13 फरवरी तक चलेगा। दूसरा चरण 9 मार्च से शुरू होकर 2 अप्रैल तक आयोजित होगा। बजट सत्र के दौरान सदन की 30 बैठकें होंगी।

..........................

राज्य विधानसभा का बजट सत्र आज से शुरू हो रहा है। 16वीं विधानसभा के पांचवें सत्र की शुरूआत राज्यपाल हरिभाऊ बागड़े के अभिभाषण के साथ होगी। इससे पहले कल जयपुर में सर्वदलीय बैठक हुई। विधानसभा अध्यक्ष वासुदेव देवनानी की अध्यक्षता में हुई इस बैठक में सदन की कार्यवाही को सुचारू रूप से चलाने को लेकर व्यापक चर्चा हुई। पक्ष और प्रतिपक्ष दोनों ने अध्यक्ष श्री देवनानी को सदन की कार्यवाही शांतिपूर्वक चलाने में सहयोग देने के लिए आश्वस्त किया। बैठक के बाद मीडिया से बातचीत में संसदीय कार्य मंत्री जोगाराम पटेल ने बताया कि बजट सत्र के दौरान विधायी कार्यों और महत्वपूर्ण बिंदुओं पर सभी दलों से सहयोग का आग्रह किया गया है। उन्होंने कहा कि सरकार सदन में हर मुद्दे पर चर्चा के लिए तैयार है और यह बजट भी हर बार की तरह यादगार होगा।

..........................

नेता प्रतिपक्ष टीकाराम जूली ने कहा कि पार्टी के सभी सदस्य गरिमापूर्ण तरीके से अपनी बात रखेंगे। उन्होंने कहा कि सदन में रखी गई बातों को सरकार गंभीरता से ले।

..........................

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने भारत और यूरोप व्यापार समझौते को साझा समृद्धि का नया ब्लु प्रिंट बताया है। भारत और 27 देशों के संगठन यूरोपियन यूनियन–ईयू के बीच कल इस ऐतिहासिक **मुक्त व्यापार समझौते–एफटीए** की घोषणा की गई। इससे 200 करोड़ की आबादी के बीच खुला व्यापार होगा और दोनों पक्ष एक–दूसरे से व्यापार में 90 प्रतिशत से अधिक वस्तुओं पर टैरिफ समाप्त कर देंगे या काफी कम कर देंगे। प्रधानमंत्री श्री मोदी ने कहा कि ये समझौता उद्योगों और इनोवेटर्स के लिए अनगिनत फायदे लेकर आएगा।

..........................

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी आज नई दिल्ली में वार्षिक एनसीसी पीएम रैली को संबोधित करेंगे। इस साल रैली की थीम **राष्ट्र प्रथम–कर्तव्य–निष्ठ युवा** रखी गई है। प्रधानमंत्री कार्यालय की ओर से दी गई जानकारी के अनुसार ये रैली एक महीने तक चलने वाले एनसीसी गणतंत्र दिवस शिविर का भव्य समापन है। शिविर में देशभर से 2 हजार 406 एनसीसी कैडेट्स ने भाग लिया। इसमें 21 देशों के 207 युवा और अधिकारी भी शामिल हुए। करियाप्पा परेड ग्राउंड होने वाली इस रैली में राष्ट्रीय रंगशाला और राष्ट्रीय सेवा योजना के सदस्यों सहित एनसीसी कैडेट्स की ओर से सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किये जाएंगे। इसमें राष्ट्र निर्माण, सामाजिक सेवा और चरित्र विकास में युवाओं की भूमिका को दर्शाया जाएगा।

.........................

केन्द्रीय कृषि और किसान कल्याण मंत्री शिवराज सिंह चौहान आज एक दिन के दौरे पर बीकानेर आएंगे। केन्द्रीय मंत्री पॉलिटेक्निक कॉलेज में आयोजित एक कार्यक्रम में शिरकत करेंगे। श्री चौहान राष्ट्रीय उष्ट्र अनुसंधान केंद्र में अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक भी करेंगे। उनका देशनोक स्थित करणी माता मंदिर जाने का भी कार्यक्रम है।

.........................

प्रदेश में लखपति दीदी योजना के तहत महिलाओं को स्वरोजगार से जोड़कर आर्थिक रूप से सशक्त बनाने के लगातार प्रयास हो रहे हैं। इसी कड़ी में अब तक 15 लाख 95 हजार लखपति दीदीयां बनाई जा चुकी हैं। ग्रामीण विकास मंत्री डॉ. किरोड़ी लाल मीणा ने कल जयपुर में हुई समीक्षा बैठक में ये जानकारी दी। उन्होंने बताया कि 19 लाख 90 हजार संभावित लखपति दीदीयों को प्रारंभिक प्रशिक्षण भी दिया जा चुका है। डॉ. मीणा ने बताया कि राजस्थान महिला निधि के तहत अब तक 1 लाख 60 हजार से अधिक सदस्यों को 770 करोड़ रुपये से अधिक का ऋण दिया जा चुका है।

.........................

वायु गुणवत्ता प्रबंधन आयोग–सी.ए.क्यू.एम. के अध्यक्ष राजेश वर्मा ने कल जयपुर में समीक्षा बैठक ली। इस दौरान वायु प्रदूषण नियंत्रण प्रबंधन और अन्य उपायों पर चर्चा की गई। श्री वर्मा ने कहा कि राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र–एनसीआर के राजस्थान में आने वाले क्षेत्र अलवर, भरतपुर और भिवाड़ी में विशेष कार्य योजना बनाई जाए। उन्होंने इन क्षेत्रों में मियावाकी तकनीक से पौधरोपण करने, पब्लिक ट्रांसपोर्ट को बढ़ाने और सफाई में तकनीक का उपयोग बढ़ाने पर ज़ोर दिया। श्री वर्मा ने इन शहरों में वार्षिक सिटी एक्शन प्लान बनाने को कहा, जिससे औद्योगिक इकाईयों में प्रदूषण मानकों की पालना और निगरानी व्यवस्था मजबूत की जा सके।

.........................

हनुमानगढ़ जिले के नोहर निवासी सैनिक सुरेश जियाणी लेह में ड्यूटी के दौरान वीरगति को प्राप्त हुए। वे 21 जाट रेजीमेंट में लद्दाख के दुर्गम क्षेत्र में तैनात थे। बर्फीली वादियों में बेहद खराब मौसम के दौरान उन्हें कई शारीरिक जटिलताएं हुईं। उन्हें दिल्ली के सैनिक अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां कल उनका निधन हो गया। सुरेशी जियाणी की पार्थिव देह आज उनके पैतृक गांव फेफाना पहुंचेगी, जहां सैन्य सम्मान के साथ उनका अंतिम संस्कार किया जाएगा।

.........................

प्रदेश में कल हुए आंधी–बारिश के दौर के बाद आज कई स्थानों पर घने कोहरे का असर है। नागौर, पाली, भरतपुर, सवाईमाधोपुर, चूरू सहित कई स्थानों सर्द हवाओं ने गलन बढ़ा दी है। कोहरे और ठंडी हवाओं के कारण सर्दी का अहसास बढ़ गया है। वहीं घने कोहरे के कारण दृश्यता काफी कम हो गई है। इससे यातायात प्रभावित है। मौसम केन्द्र जयपुर के निदेशक राधेश्याम शर्मा ने बताया कि राज्य के अधिकतर हिस्सों में आज मौसम शुष्क रहेगा। हालांकि उत्तरी हवाओं के प्रभाव से तापमान में 2 से 3 डिग्री की गिरावट के आसार हैं।

.........................